तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 17 जुलाई 2026

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



## श्री गोंचा रथ यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**जगदलपुर।** भगवान श्री जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और बलभद्र को 3 अलग अलग रथ में सवार कर गुरुवार को शहर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान जगन्नाथ मंदिर और सिरहासार के सामने जनसैलाब उमड़ पड़ा। मान्यता के अनुसार श्री गोंचा के दिन सुबह से ही रिमझिम बारिश होती रही। बस्तर का रथ यात्रा तुपकी के कारण अलग पहचाना जाता है। आज बारिश के बावजूद दूर दराज से आने वाले ग्रामीण तुपकी और पेंग बीज के साथ शहर के विभिन्न स्थानों पर बैठकर और घूम घूमकर बेचते दिखाई पड़े। सुसज्जित रथ परिक्रमा शाम को शुरू हुई। बस्तर महाराजा कमलचंद भंजदेव सहित अनेक जनप्रतिनिधि इस दौरान मौजूद रहे।

### खबर संक्षेप

#### खुदेजा खान के काव्य संग्रह सुनो जरा की हुई समीक्षा



**जगदलपुर।** बस्तर में जन्मे हिंदी के प्रसिद्ध आलोचक डा.धनंजय वर्मा के जन्मदिन पर 14 जुलाई को प्रगतिशील लेखक संघ ने लाला जगदलपुरी पुस्तकालय परिसर में स्थित जिला ग्रंथालय में उनका स्मरण करते हुए धनंजय वर्मा स्मृति आख्यान तथा खुदेजा खान के काव्य संग्रह सुनो जरा की समीक्षा का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते कविता बिजौलिया ने खुदेजा खान का परिचय दिया। डा.योगेंद्र मोतीवाला ने कहा कि खुदेजा ने ताकत का जवाब देने के लिए हमेशा कलम का इस्तेमाल किया है। इनके रचना संसार में स्त्री विमर्श के अतिरिक्त, बाहरी दुनिया की समस्या को बखूबी प्रस्तुत किया है। उन्होंने डैश, डैश, डैश कविता का उल्लेख करते हुए बताया कि भावनाएं सदैव शब्दों की मोहताज नहीं रहतीं। प्रखर आलोचक हिमांशु शेखर झा ने संग्रह की जिंदगी कविता का पाठ करते हुए कविता में मानवीय द्वंद के चित्रण की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। उन्होंने रचना से मनुष्य की नैतिकता में वृद्धि होना जरूरी कहा। स्मृति मिश्रा ने अपने उद्बोधन में खुदेजा खान के व्यापक रचना संसार पर प्रकाश डाला। वंदना राठौर ने कवि के बहुज्ञ होने की आवश्यकता पर बल देते हुए संग्रह की कविता मां में एक स्त्री को देखा को रेखांकित किया। दूसरे चरण में डा.धनंजय वर्मा स्मृति आख्यान के तहत जगदीश चंद्र दास ने वक्तव्य दिया। मदन आचार्य ने धनंजय वर्मा के आलोचना कर्म पर आलेख वाचन किया। रंग कर्मी एम.ए.रहीम ने दीर्घकालिक संबंधों के संस्मरण साझा किये। डॉ.धनंजय वर्मा की पोती गार्गी वर्मा ने बाबा के सानिध्य, स्नेह में बिताए पलों और दी गई सीख को याद किया। संचालन कविता बिजौलिया तथा आभार प्रदर्शन सचिव दीपक थवानी ने किया। कार्यक्रम में प्रो.अली एम.सैयद, प्रकाश चंद्र जोशी, करमजीत कौर, जोगेश्वरी आचार्य, उर्मिला आचार्य, डा.सुषमा झा, गायत्री आचार्य, विभोर मालवीय, मंजू लता तिवारी की उपस्थिति रही।

#### हाईस्कूल रानसरगीपाल में लगाए गए पौधे



**जगदलपुर।** हाई स्कूल रानसरगीपाल में बस्तर प्रकृति बचाव समिति के माध्यम से छात्र छात्राओं ने पौधरोपण किया। आम, जामुन, कटहल,पीपल, नीम, सहजन जैसे फलदायी पौधे लगाए गए। 1 पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधे लगाए । सेवानिवृत्त रेंजर देव व्रत बरार ने पौधे का जतन कैसे किया जाए इसकी जानकारी दी। बस्तर प्रकृति समिति के अध्यक्ष दशरथ कश्यप और सचिव मदन आचार्य ने वृक्षारोपण के महत्व और उपयोगिता की जानकारी दी । कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर राज कुमार मिश्रा, उमेश आचार्य, जे आचार्य की पौधरोपण में अहम भूमिका रही। प्राचार्य अंजना प्रहराज ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में व्याख्याता गीता सिंह, मेहतर राम सुधाकर,संतोष साहू, रिंकू पराई, के नाग सहित शाला परिवार सम्मिलित थे।



## गोंचा महापर्व में भगवान जगन्नाथ की निकली रथयात्रा, तुपकी से दी गई सलामी

### रथयात्रा देखने उमड़ा जनसैलाब, रथों का कराया गया शहर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर में गोंचा पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है, लगभग 619 वर्षों से इस परंपरा को यहां के लोग बड़े उत्साह से निभा रहे हैं। गुरुवार की शाम को तीन विशालकाय रथों पर सवार भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और बलभद्र की रथयात्रा निकली। इसमें भगवान जगन्नाथ को बस्तर की पांरपरिक तुपकी से सलामी दी गई। इस दौरान महाराजा कमलचन्द्र भंजदेव शामिल रहे। जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर बस्तर में भी भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और बलभद्र के तीन विशालकाय रथ निकाले गए और शहर में इसकी परिक्रमा करायी गई। इस परम्परा को देखने हजारों की संख्या में लोगों का जनसैलाब उमड़ा। बस्तर के आरण्यक ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा शहर के सीरासार भवन में विधि विधान के साथ भगवान जगन्नाथ के 12 विग्रहों की पूजा की जाती है। इसे देखने केवल बस्तर से ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्य तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और देश के कोने-कोने से भी लोग बस्तर पहुंचते हैं।



#### आराम करेंगे भगवान

*परंपराओं के अनुसार गोंचा पर्व के पहले दिन ही भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा, बलभद्र को अपने साथ गुंडेचा मंदिर लेकर गए हैं, यहां आराम करते हैं। इस दौरान बस्तर राजपरिवार भी भगवान जगन्नाथ की पूरे विधि-विधान से पूजा पाठ करता है। रथयात्रा के दिन राजपरिवार द्वारा विशेष पूजा अर्चना की जाती है।*





#### पका फल कटहल और गजा मूंग भगवान जगन्नाथ का प्रिय भोग




**जगदलपुर।** गोंचा पर्व में कटहल का पका फल और गजा मूंग का विशेष महत्व रहता है। पका हुआ कटहल प्रसाद के रूप में भगवान को चढ़ता है। श्रद्धालु प्रसाद के रूप में इसे ग्रहण करते है। भगवान जगन्नाथ का यह प्रिय भोग प्रसाद के रूप में लोगो में बांटा जाता है। गजामूंग एक पौष्टिक शक्ति वर्धक और सुपाच्य होता है। इसमें अंकुरित मूंग और अन्य अनाज का मिश्रण होता है। गोंचा पर्व में इसे मुख्य प्रसाद कहा जाता है। बस्तर के गोंचा पर्व में पके कटहल को केवल एक फल नहीं, बल्कि एक दिव्य भोग माना गया है। जगन्नाथ मंदिर में रथयात्रा के दौरान भगवान को ताजे और पके हुए कटहल का भोग लगाना अनिवार्य परंपरा है। बस्तरिया ग्रामीणों की मान्यता है कि इस मौसम का पहला और सबसे उत्तम कटहल भगवान के चरणों में ही अर्पित होना चाहिए। प्रकृति और देव-आराधना का संगम बस्तर की आदिवासी और सनातन संस्कृति प्रकृति से जुड़ी है। कटहल इस क्षेत्र की मुख्य ग्रीष्मकालीन-मानसूनी पैदावार है। अपनी फसल का पहला हिस्सा ईश्वर को समर्पित करना कृतज्ञता प्रकट करने का धार्मिक तरीका है। पुरी ओडिशा की रथयात्रा की तरह ही बस्तर के गोंचा में कटहल को रथारूढ़ भगवान के लिए अत्यंत प्रिय और शुभ फल माना गया है।

## मूल पदस्थापना स्थल पर समय पर नहीं पहुंचने पर लगेगा ब्रेक इन सर्विस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शिक्षा विभाग में वर्षों से चल रही संलग्नीकरण व्यवस्था से निपटने शासन ने सख्त रूख अपना लिया है। लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ ने 15 जुलाई को जारी पत्र में स्पष्ट कर दिया है कि संलग्नीकरण समाप्त होने के बाद भी निर्धारित समय-सीमा में अपने मूल पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध अब सीधे 'ब्रेक इन सर्विस' (सेवा में व्यवधान) की कार्रवाई की जाएगी। इस आदेश के बाद एक बार फिर मूल पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले जिले के सौ से अधिक शिक्षक जुगाड़ में लग गए है लेकिन शासन भी इस बार अपने आदेश पर अड़ी हुई है।

संचालनालय द्वारा जारी निदेर्शों में कहा गया था कि सभी संबंधित कर्मचारियों को आदेशानुसार अपने मूल विद्यालय, कार्यालय में उपस्थित होकर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करानी थी। लेकिन अनेक कर्मचारियों द्वारा समय-सीमा का पालन ▶▶| शेष पेज 10 पर



लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़
(प्रथम तल, सी खण्ड, इन्द्रावती भवन, अटल नगर)

#### मूल पद पर नहीं जाने वालों में अधीक्षकों की संख्या अधिक

सभी ब्लाकों के बीईओ से जानकारी मांगी गई है जिन्होंने अपने मूल पदस्थापना स्थलों में नहीं पहुंचे है। ऐसे शिक्षकों व अधीक्षकों की संख्या सौ से अधिक है जिन्होंने अब तक मूल पद ज्वाईन नहीं किया है, एक सप्ताह का समय दिया गया है। निर्धारित समय के बाद इनके खिलाफ शासन के निर्देश के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।

बलीराम बघेल
जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर।

**नए एसपी के निर्देश पर नशा तस्करों पर कार्रवाई**

## 6.73 लाख का गांजा पुलिस ने किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर के निर्देश पर जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान के तहत थाना कोंटा पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए ओडिशा से तेलंगाना ले जाई जा रही 10.700 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद कर 2 अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गांजा और परिवहन में प्रयुक्त होंडा एक्टिवा स्कूटी सहित कुल 6.73 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति बिना नंबर प्लेट की होंडा एक्टिवा में मलकानगिरी (ओडिशा) के एमवी-72 क्षेत्र से गांजा लेकर कोंटा होते हुए तेलंगाना जाने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित शाह एवं मनोज तिर्की के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी डॉ. प्रशांत देवांगन और थाना प्रभारी शिवानंद तिवारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर ढोंढरा मार्ग पर वाहन जांच की गई।

जांच के दौरान पुलिस को देखकर संदिग्ध स्कूटी सवार भागने लगे, लेकिन पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान अमीन बसीर शाह (39 वर्ष) एवं वी. नरेश (22 वर्ष), निवासी जिला रंगारेड्डी (तेलंगाना) बताई। तलाशी के दौरान बोरी से 10.700 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे यह गांजा मलकानगिरी से खरीदकर तेलंगाना में बिक्री के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने गांजे की अनुमानित कीमत 5.35 लाख रुपये आंकी है। इस मामले में थाना कोंटा में अपराध दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट के तहत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

#### नशे के खिलाफ विशेष नीति : एसपी

एसपी मयंक गुर्जर ने कहा कि नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर पुलिस काम कर रही है। अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, परिवहन, बिक्री और सेवन के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील है कि नशे से दूर रहें और ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। जनसहभागिता से ही नशा-मुक्त और सुरक्षित सुकमा का निर्माण संभव है।

## इलाके का दादा बताकर लूट करने वाला गिरफ्तार, 17 हजार बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- लूट की रकम का कुछ हिस्सा व आधार कार्ड बरामद

बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित नए बस स्टैण्ड के करीब हजारों रूपए लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को रिपोर्ट दर्ज होने के कुछ ही घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से लूट की रकम व आधार कार्ड बरामद कर जेल भेजा गया।

मामला दर्ज होते ही आरोपी की धरपकड़ के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के मार्गदर्शन में तत्काल ब्लैक पैंथर के साथ टीम गठित कर बोधघाट थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी सुमित चन्द्रा के नेतृत्व में रवाना किया गया था। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए सरपंच पारा मारडूम निवासी प्रार्थी सुखराम मडावी ने बताया कि वह दो माह पूर्व मजदूरी करने के लिए हैदराबाद गया हुआ था वहां से 21 हजार 3 सौ रूपए कमाकर 15 जुलाई को बस से जगदलपुर पहुंचा। स्वयं को लेने के लिए उसने अपने साथी मुन्ना मण्डावी को मारडूम से बुलाया था। मुन्ना मण्डावी के आने के बाद वे दोनों शाम करीब 4.30 बजे नया बस स्टैण्ड के आगे शराब दुकान के सामने खड़े थे उसी समय वहां एक व्यक्ति आया और तुम लोग कहां से आये हो कहकर अश्लील गाली गलौच करते हुए कहा कि मै मुकेश ध्रुव यहां का दादा हूं जेब में जो भी पैसा रखे हो उसे निकालो बोलकर धमकाकर प्रार्थी के जेब को टटोलने लगा। विरोध करने पर दोनों की पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी देकर जेब में रखा 21300 रुपए व आधार कार्ड को पर्स सहित लूट लिया। वहीं घटना किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी की पतासाजी कर रही थी इसी बीच गुरुवार को उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और उसके कब्जे से लूट की रकम से 17 हजार रूपए व आधार कार्ड पर्स के साथ बरामद किया गया। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से ▶▶| शेष पेज 10 पर



### कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा में हुई गड़बड़ी पर घेरा

## करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास और भावनाओं से खिलवाड़ : मरकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम ने गुरुवार को राजीव भवन में प्रेसवार्ता में कहा कि ट्रस्ट के लोगो ने भगवान राम को भी नहीं छोड़ा। राम मंदिर में चढ़ाए गए पैसों, आभूषणों की चोरी की। देश के कोने-कोने से गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं और श्रद्धालु अपनी मेहनत की कमाई राम मंदिर निर्माण के लिए चढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और संघ परिवार के संगठनों ने लगभग तीन दशकों तक भगवान राम के नाम पर राजनीति की। देश के गरीब व मध्यम वर्ग से राम के नाम पर चंदा एकत्र किए और इसी आंदोलन के आधार पर सत्ता प्राप्त की। आज करोड़ों रामभक्त यह पूछ रहे है कि भगवान राम के नाम पर जुटाया गया चंदा और चढ़ावा आखिर किसके संरक्षण में लूटा गया। यह केवल आर्थिक घोटाला नहीं है यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास और भावनाओं के साथ किया गया विश्वासघात है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राम द्रोही है, उसने पहले चंदा में हेराफेरी करवाया अब चढ़ावा में चोरी की। राम मंदिर के निर्माण के समय रामशिला पूजन के नाम से जो 14000 करोड़ से अधिक राशि एकत्रित हुआ था उसका जवाब आरएसएस और भाजपा के लोग नहीं दे पाये। जिन लोगों ने मंदिर बनाने के नाम पर चंदा में हेराफेरी किया था वही लोग मंदिर बनने के बाद चढ़ावे में हेराफेरी करने लगे, इन घोटालों में आरएसएस और भाजपा का संरक्षण का उन्होंने आरोप लगाया है। राम मंदिर न्यास ट्रस्ट का गठन गृहमंत्री अमित शाह ने किया था इसलिए घोटाले की नैतिक जिम्मेदारी नरेंद्र मोदी और अमित शाह की बनती है।




#### स्वतंत्र जांच से किस बात का डर

मोहन मरकाम ने कहा कि अगर कुछ गलत नहीं हुआ तो सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच से किस बात का डर है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के तत्कालीन महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्र के इस्तीफे स्वीकार किए जा चुके हैं। यह स्वयं इस बात का संकेत है कि मामला सामान्य प्रशासनिक त्रुटि का नहीं, बल्कि एक बड़े घोटाले का है।

#### केवल छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई क्यों

पूर्व मंत्री मरकाम ने कहा देश जानना चाहता है प्रधानमंत्री इस पूरे प्रकरण पर मौन क्यों है। जब पूरा ट्रस्ट कटघरे में है, तो गई। उन्होंने सीधा आरोप लगाया कि डबल इंजन सरकार दोषियों को बचा रही है।केवल छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई थी।

#### ट्रस्ट को तत्काल भंग किया जाए

मरकाम ने कहा कि वर्तमान ट्रस्ट को भंग कर धमार्चार्यों, प्रतिष्ठित नागरिकों, प्रशासनिक विशेषज्ञों और स्वतंत्र सदस्यों के साथ एक नया, पारदर्शी और जवाबदेह ट्रस्ट गठित किया जाए। साथ ही चढ़ावे और चंदे का पूर्ण फॉरेंसिक ऑडिट किया जाए। राम मंदिर के लिए प्राप्त चंदे, चढ़ावे, भूमि खरीद, आयोजनों और व्ययों का स्वतंत्र फॉरेंसिक ऑडिट कर उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।



# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 31 जुलाई तक कराएं पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

खरीफ मौसम 2026 में किसानों की फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिला प्रशासन ने किसानों से 31 जुलाई 2026 तक योजना में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने की अपील की है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में होने वाले नुकसान की भरपाई सुनिश्चित हो सके। उप संचालक कृषि कार्यालय के अनुसार योजना का लाभ जिले के सभी ऋणी एवं अऋणी किसानों, भू–धारकों तथा बटाईदार किसानों को मिलेगा। धान सिंचित एवं असिंचित, मक्का और सोयाबीन के लिए ग्राम स्तर को बीमा इकाई बनाया गया है, जबकि कोदो, कुटकी, रागी, मूंगफली, तुअर अरहर, मूंग और उड़द के लिए राजस्व निरीक्षक मंडल को बीमा इकाई निर्धारित किया गया है। योजना के अंतर्गत कम वर्षा, सूखा, बुवाई एवं अंकुरण विफलता, ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटना, आकाशीय बिजली तथा अन्य स्थानीय प्रा—तिक आपदाओं से फसल को होने वाले नुकसान का बीमा संरक्षण मिलेगा। इसके अलावा कटाई के बाद अधिकतम दो सप्ताह तक चक्रवात, चक्रवाती वर्षा एवं बेमौसमी बारिश से हुई क्षति भी योजना के दायरे में शामिल होगी। जिला प्रशासन ने जिले के सभी किसानों से समय रहते प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पंजीयन कराने की अपील करते हुए कहा है कि यह योजना प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। समय पर पंजीयन कराकर किसान अपनी मेहनत की फसल को सुरक्षित बना सकते हैं।

## खरीफ 2026 के लिए अधिसूचना जारी, ऋणी और अऋणी दोनों किसान होंगे पात्र

### फसल क्षति होने पर 72 घंटे के भीतर दें सूचना

यदि प्राकृतिक आपदा के कारण फसल को नुकसान होता है तो किसान 72 घंटे के भीतर भारतीय कृषि बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 1800–419–0344 पर सूचना दे सकते हैं। इसके अलावा संबंधित कृषि एवं राजस्व अधिकारी, बैंक अथवा जिला कृषि कार्यालय में भी लिखित शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। ओलावृष्टि एवं बेमौसमी वर्षा से हुए नुकसान की शिकायत 14447 पर भी दर्ज कराई जा सकती है।




### ये दस्तावेज होंगे आवश्यक

योजना में पंजीयन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। किसान अपने निकटतम राष्ट्रीयकृत बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी बैंक, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र तथा अधिकृत माध्यमों से पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए आधार कार्ड, बी–1 एवं पी–2 भूमि दस्तावेज, बैंक पासबुक की प्रति, फसल बुवाई प्रमाण पत्र अथवा स्वघोषणा पत्र, मोबाइल नंबर तथा बटाईदार किसानों के लिए आवश्यक घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को बीमित राशि का केवल 2 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा, जबकि शेष प्रीमियम राशि केंद्र और राज्य सरकार वहन करेगी। प्रति हेक्टेयर किसानों द्वारा देय प्रीमियम राशि धान सिंचित 1210, धान असिंचित 968 रुपए, मक्का 1056, सोयाबीन 704, मूंगफली 968, तुअर अरहर 660, उड़द 484, मूंग 484, कोदो 396, कुटकी 418, रागी 330 रुपए है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भर्ती वरिष्ठता क्रम मेरिट सूची जारी

**कोण्डागांव।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए वरिष्ठता क्रम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। भर्ती प्रक्रिया से संबंधित जानकारी जिले की आधिकारिक वेबसाइट एवं सूचना पटल पर उपलब्ध करा दी गई है। विभाग द्वारा दावा–आपत्ति के निराकरण के बाद पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची तथा 15 एवं 1:10 वरिष्ठता क्रम मेरिट सूची जारी की गई है। इसके साथ ही लिखित परीक्षा, साक्षात्कार एवं कंप्यूटर कौशल दक्षता परीक्षा की तिथि और समय भी घोषित कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी जिला कोंडागांव की आधिकारिक वेबसाइट तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर मेरिट सूची, परीक्षा कार्यक्रम एवं अन्य आवश्यक जानकारी का अवलोकन कर सकते हैं। लिखित परीक्षा एवं कंप्यूटर कौशल दक्षता परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को वैध फोटो पहचान पत्र के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पात्र अभ्यर्थियों को साक्षात्कार या कौशल परीक्षा के लिए अलग से बुलावा पत्र नहीं भेजा जाएगा। अभ्यर्थियों को मेरिट सूची एवं परीक्षा कार्यक्रम देखकर निर्धारित तिथि पर उपस्थित होना होगा। परीक्षा स्थल संबंधी सूचना विभागीय वेबसाइट पर पृथक से जारी की जाएगी।

### कोंडागांव में एक दिवसीय रोजगार मेला लगेगा आज

**कोण्डागांव।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक–युवतियों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, कोंडागांव द्वारा 17 जुलाई 2026 को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला कलेक्टर परिसर, कोंडागांव में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां कुल 185 पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी।

पेज 9 का शेष

### मूल पदस्थापना स्थल...

नहीं किए जाने को गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए अब उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की तैयारी कर ली गई है। लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी संभागीय संयुक्त संचालकों एवं जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो कर्मचारी निर्धारित अवधि में कार्यभार ग्रहण नहीं करते हैं, उनके विरुद्ध ब्रेक इन सर्विस का प्रस्ताव तत्काल संचालनालय को भेजा जाए। इस आदेश के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। कर्मचारियों के लिए यह स्पष्ट संदेश है कि शासन के निर्देशों की अनदेखी अब भारी पड़ सकती है। समय पर कार्यभार ग्रहण नहीं करने की स्थिति में न केवल सेवा रिकॉर्ड प्रभावित होगा, बल्कि भविष्य में वेतन, पदोन्नति एवं अन्य शासकीय लाभों पर भी असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

### इलाके का दादा बताकर...

उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी सुमित चंद्रा व निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एसआई लोकेश्वर नाग, प्रशिक्षु एसआई नागेंद्र सिंह, निर्मला सिदार, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक अखिलेश नाग, सुनील मनहर, आरक्षक संदीप राणा, विजय तिर्की तथा ब्लैक पैंथर टीम के जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## प्रशासन, पुलिस बल, आयोजन समिति एवं स्वयंसेवकों ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था संभाली

# जगन्नाथ रथयात्रा में झूमकर बरसे मेघ, बारिश में भी अडिग रही आस्था, लोगों ने खींचा रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

नगर में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ निकाली गई। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा को आकर्षक ढंग से सुसज्जित रथ में विराजमान कर नगर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। रथयात्रा में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रथयात्रा जैसे ही नगर भ्रमण के लिए आगे बढ़ी, आसमान में घने बादल छा गए और कुछ ही देर में झमाझम बारिश शुरू हो गई। मूसलाधार वर्षा के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह में कोई कमी नहीं आई। महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे बारिश में भीगते हुए जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ रथ को खींचते रहे। भजन-कीर्तन और धार्मिक जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। बारिश की फुहारों ने रथयात्रा की भव्यता को और भी यादगार बना दिया। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ की आरती उतारी और पुष्पवर्षा कर रथयात्रा का स्वागत किया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए माँ दुर्गा महिला संगठन द्वारा पूरे सेवा भाव के साथ श्रद्धालुओं के लिए खीर प्रसाद का वितरण किया गया। लगातार हो रही बारिश के बावजूद संगठन की महिलाओं ने पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ सेवा कार्य जारी रखा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने खीर प्रसाद ग्रहण किया और महिला संगठन की इस सराहनीय पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

**रथयात्रा के साथ बारिश से किसानों को राहतः** रथयात्रा के दौरान हुई झमाझम बारिश किसानों के लिए भी राहत लेकर आई। पिछले कई दिनों से क्षेत्र के किसान अच्छी वर्षा का इंतजार कर रहे थे। समय पर हुई बारिश से धान सहित खरीफ फसलों की बुवाई एवं बढ़वार के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं। खेतों में पर्याप्त नमी आने से कृषि कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। किसानों ने इस वर्षा को भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद बताया। पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन, पुलिस बल, आयोजन समिति एवं स्वयंसेवकों ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था संभाली, जिससे रथयात्रा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। धार्मिक आस्था, सामाजिक सेवा और प्रकृति के सुंदर संगम के रूप में इस वर्ष की भगवान जगन्नाथ रथयात्रा केशकालवासियों के लिए लंबे समय तक यादगार रहेगी। एक ओर भगवान जगन्नाथ के जयघोष से नगर गुंजायमान रहा, वहीं दूसरी ओर झमाझम बारिश ने किसानों के चेहरों पर नई उम्मीद और मुस्कान बिखेर दी। माँ दुर्गा महिला संगठन की सेवा भावना ने इस आयोजन को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया।



### विद्यार्थियों ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा का धारण किया आकर्षक स्वरूप

**कोण्डागांव।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, कोंडागांव में भगवान जगन्नाथ की पावन यात्र श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष पूजा–अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान जगन्नाथ की विधिवत पूजा–अर्चना से हुई। सभी ने भगवान से सुख, शांति, समृद्धि और मंगलमय जीवन की प्रार्थना की।

### जुगानी में धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



**फरसगांव।** रिमझिम बारिश के बीच ग्राम जुगानी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर से भगवान जगन्नाथ की पारंपरिक रथ यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। मंदिर की वर्तमान संचालिका माता विनोदिनी गोस्वामी के मार्गदर्शन में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा की विग्रहों को सुसज्जित रथ में विराजमान कर भक्तों ने /"जय जगन्नाथ/" के जयघोष के साथ लगभग एक किलोमीटर तक रथ खींचा। यात्रा भगवान की मौसी के घर पहुंची, जहां परंपरा के अनुसार भगवान एक सप्ताह तक विश्राम करेंगे। इसके बाद पुनः रथ यात्रा निकालकर भगवान को उनके मूल मंदिर में विराजमान कराया जाएगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं पर फल एवं श्रीफल प्रसाद स्वरूप वितरित किए गए, जिन्हें भक्तों ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। कार्यक्रम के समापन पर मंदिर समिति की ओर से मिष्ठान प्रसाद का वितरण किया गया। रिमझिम बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था और पूरे आयोजन का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# 5.24 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब व कार जब्त, दो गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक स्विफ्ट कार से 32 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान शराब, कार, मोबाइल और नकदी सहित 5 लाख 24 हजार 520 रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा भा.पु.से. के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा तथा एसडीओपी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब तस्करी रोकने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ग्रे रंग की मारुति स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 09 जेए 1140 में रायपुर से जगदलपुर की ओर भारी मात्र में अवैध अंग्रेजी शराब ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी



निरीक्षक सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में थाना कोण्डागांव एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने चिखलपुटी तिराहा, नया बस स्टैंड बायपास एनएच–30 के पास नाकाबंदी की। संदिग्ध कार को रोकने का संकेत दिया गया, लेकिन चालक ने वाहन नहीं रोका और तेज गति से भागने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस की स्कॉर्पियो वाहन को भी टक्कर मारकर निकलने की कोशिश की गई। तत्पश्चात पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया और दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। वाहन की तलाशी लेने पर कार के भीतर 32 पेटियों में कुल 285.284 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब गोवा व्हिस्की बरामद हुई। पुलिस ने मौके से 285.284 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब कीमत 2 लाख 14 हजार 380 रुपए मारुति स्विफ्ट कार कीमत 3 लाख, दो मोबाइल फोन कीमत 10 हजार, 140 नकद जब्त किए। कुल जब्त संपति का मूल्य 5 लाख 24हजार 520 आंका गया है।

**दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल –** गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नरेन्द्र निषाद 23 वर्ष एवं राहुल राजभर 26 वर्ष, दोनों निवासी कुरूद कोहका, जामुल जिला दुर्ग के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली कोण्डागांव में बीएनएस की धारा 281 एवं आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

**इन पुलिसकर्मियों की रही अहम भूमिका –** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सहायक उपनिरीक्षक पितामबर कठार, आरक्षक सूखीराम राजपूत तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक अजय बघेल, आरक्षक संतोष कोड़ोपी, बिरजू सोरी, बिजु यादव एवं चंदन यादव की विशेष भूमिका रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बानगांव में दर्दनाक हादसा, पुत्र बचा, पिता की हुई मौत

# धान की बुआई करते किसान पर गिरी आकाशीय बिजली, मौत

**फरसगांव।** फरसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बानगांव में गुरुवार को धान की बुआई के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में किसान का पुत्र भी बिजली की चपेट में आया, लेकिन वह होश में आने के बाद बच गया। घटना से गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, ग्राम बानगांव निवासी मनसूराम नेताम पिता सुखदेव नेताम अपने पुत्र अमित नेताम के साथ खेत में धान की बोआई कर रहे थे।



दोपहर करीब 12:30 बजे अचानक तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हुई। इसी दौरान खेत में आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आकर पिता-पुत्र दोनों बेहोश होकर खेत में गिर पड़े। कुछ देर बाद अमित नेताम को होश आया। उसने आसपास मौजूद ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल मनसूराम नेताम को 108 एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल में जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही फरसगांव पुलिस अस्पताल पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर में रखवा दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। बारिश के मौसम में आकाशीय बिजली गिरने की लगातार घटनाओं के बीच यह हादसा एक बार फिर सावधानी बरतने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। मौसम खराब होने पर खेतों या खुले स्थानों में काम करने से बचने की सलाह दी जा रही है।

# चनियागांव में बेदखली के बाद 25 सौ से अधिक पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



- अतिक्रमण पर वन विभाग का बड़ा प्रहार
- कब्जामुक्त वन भूमि होगी फिर से हरी–भरी

केशकाल वनमंडल के अंतर्गत वन विभाग ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम चनियागांव स्थित कक्ष क्रमांक ओए -1406 की वन भूमि को कब्जामुक्त कराया। बेदखली की कार्रवाई पूरी होने के तुरंत बाद विभाग ने उसी भूमि पर 2500 से अधिक पौधों का रोपण कर वन क्षेत्र के पुनर्विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की।

यह अभियान वनमंडलाधिकारी श्रीमती दिव्या गौतम के निर्देशन तथा एसडीओ सुषमा जे. नेताम के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र बड़ेडोंगर के उप परिक्षेत्र देवगांव द्वारा संचालित किया गया। अभियान में वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षा बल और स्थानीय ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि को पुनः हरित क्षेत्र में विकसित करने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक पौधरोपण किया गया है। लगाए गए पौधों की सुरक्षा और नियमित देखरेख के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए धनोरा और ईरागांव थाना पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। वन विभाग ने स्पष्ट किया कि वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी तथा कब्जामुक्त भूमि पर पौधरोपण कर उसे पुनः वन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर फरसगांव रेंजर शुभम पांडेय, बड़ेडोंगर रेंजर योगेंद्र समुंद, केशकाल रेंजर के.के. नेताम, डिप्टी रेंजर पीलाराम दीवान, शिवनाथ सेठिया, पवन नाग, वनपाल मानसिंह नेताम, मोहन नाग, हेमलाल पुजारी, मोहन पुजारी, डोमार नेताम, गजेंद्र नाईक, वनरक्षक भूपेंद्र नाग, किशन बघेल, किशोर भूआर्य, भुनेश्वर पांडे, सरिता मरकाम, संगीता, सुनीता, खगेश दीवान, रतन नेताम, श्रवण नेताम, रामसुरज, आदित्य वर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जनदर्शन में दिव्यांग मलसाय को मिली नई मोटराइज्ड ट्राईसिकल

**कोण्डागांव।** जनदर्शन में ग्राम सोडमा निवासी दिव्यांग मलसाय नेताम को कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की पहल पर नई मोटराइज्ड ट्राईसिकल उपलब्ध कराई गई। मलसाय नेताम ने जनदर्शन में आवेदन देकर बताया कि पूर्व में मिली मोटराइज्ड ट्राईसिकल का मोटर खराब हो गया है, जिससे उन्हें आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने समाज कल्याण विभाग को तत्काल नई मोटराइज्ड ट्राईसिकल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशों का पालन करते हुए समाज कल्याण विभाग ने त्वरित कार्रवाई कर मलसाय नेताम को नई मोटराइज्ड ट्राईसिकल प्रदान की। नई ट्राइसाइकिल मिलने पर मलसाय नेताम ने शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनके दैनिक आवागमन में काफी सुविधा होगी और वे अपने आवश्यक कार्य आसानी से कर सकेंगे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर 9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 14 से 15 वर्ष तक के बालिकाओं को लगाई जाएगी वैक्सीन



**दंतेवाड़ा।** जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के निर्देशानुसार 18 जुलाई तक विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले की 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की उन किशोरी बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी, जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन पूरा कर लिया है, लेकिन अभी 15वां जन्मदिन नहीं मनाया है।
जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एस. मंडल ने बताया कि एचपीवी संक्रमण गर्भाशय ग्रीवा कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है। समय पर एचपीवी टीकाकरण कराने से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### 92 किशोरियों को लगा एचपीवी टीका



**बस्तर।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने और किशोरियों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री के मार्गदर्शन में एचपीवी टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण सिंह नाग के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के दौरान आज कुल 92 किशोरियों को टीका लगाया गया। टीकाकरण के दौरान किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के महत्व और टीके की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बीपीएम राजेन्द्र कुमार बघेल, बीईटीओ जीली मंडावी, सुपरवाइजर कन्हैयालाल माहेश्वरी, सुपरवाइजर अनीता कश्यप,सहित अन्य सेक्टर सुपरवाइजरों, एएनएम और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने घर-घर संपर्क कर किशोरियों को चिन्हित कर टीकाकरण केंद्र तक लाने में सहयोग किया।

### शिकायत पर खराब ट्रांसफार्मर हुआ दुरुस्त



**दंतेवाड़ा।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आम नागरिकों के लिए भरोसेमंद मंच साबित हो रही है। जिले के ग्राम हीरानार के तेलगा पारा में रहने वाले ग्रामीणों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिला। जहां कई माह से खराब पड़े विद्युत ट्रांसफार्मर के कारण लगभग 150 उपभोक्ता बिजली संकट से परेशान थे। हीरानार निवासी लखन यादव ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 की जानकारी प्राप्त की और मई 2026 में अपनी शिकायत दर्ज कराई। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर खराब ट्रांसफार्मर का परीक्षण कराया और शीघ्र ही उसकी मरम्मत कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी।

## अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने अधिकारी दौरे पर, दीदियों को मिली सौगात

# लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उक्त बातें कलेक्टर अमित कुमार ने अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान कही।

जिले में विकास कार्यों को गति देने और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर अमित कुमार ने बुधवार को जिला पंचायत सीईओ के साथ छिंदगढ़ एवं तोंगपाल क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया।

■ कलेक्टर आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्था सुधारने दे रहे निर्देश

दौरे के दौरान कलेक्टर ने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण तथा निर्माणाधीन प्रशासनिक भवनों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग कर कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।





### दीदियों को मिलेगा छोटा हाथी

प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वहां कार्यरत स्व सहायता समूह की महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। महिलाओं द्वारा कचरा संग्रहण कार्य में वाहन की आवश्यकता बताने पर उन्होंने समूह को 'छोटा हाथी' मालवाहक वाहन उपलब्ध कराने की घोषणा की। इससे कचरा संग्रहण एवं परिवहन कार्य अधिक प्रभावी होगा और महिलाओं की आजीविका को भी मजबूती मिलेगी।

### लाइब्रेरी को मिलेगा नया स्वरूप

दौरे की शुरुआत छिंदगढ़ स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर के समीप संचालित लाइब्रेरी के निरीक्षण से हुई। कलेक्टर ने वहां उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन कर लाइब्रेरी को व्यवस्थित करने, अध्ययन सामग्री बढ़ाने तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन संसाधन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

### गुणवत्ता के साथ कार्यालय जल्द होंगे तैयार

दौरे के अंतिम चरण में कलेक्टर ने छिंदगढ़ के निर्माणाधीन नवीन एसडीएम कार्यालय तथा तोंगपाल के नवीन तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए एसडीएम कार्यालय की छत की वाटरप्रूफिंग कराने और पुराने दरवाजों को बदलने के निर्देश दिए। वहीं तोंगपाल तहसील कार्यालय में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बाउंड्रीवाल निर्माण तथा बरामदे में गुणवत्तापूर्ण टाइल्स लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक भवन आम नागरिकों की सुविधा के केंद्र हैं, इसलिए इनके निर्माण में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए।

### अस्पताल की छत मरम्मत के निर्देश

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छिंदगढ़ पहुंचकर कलेक्टर ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) टीकाकरण अभियान की प्रगति की जानकारी ली और प्रतिदिन लगाए जा रहे टीकों की संख्या की समीक्षा की। वैक्सीन के रख-रखाव की जांच करते हुए उन्होंने अस्पताल भवन की क्षतिग्रस्त छत की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### अधिकारी रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान एसडीएम छिंदगढ़ विजय प्रताप खेस, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. सिंह, जनपद पंचायत सीईओ पी.के. गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेंट जेवियर हाई स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मना रथयात्रा पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सेंट जेवियर हाई स्कूल में भगवान श्री जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा का पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक एवं सृजनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने चित्रकला, रंगोली, कला एवं शिल्प (आर्ट एंड क्राफ्ट) प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यार्थियों ने फूल एवं मालाओं से रथों की सजावट की तथा मनमोहक नृत्य एवं संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्री जगन्नाथ के प्रति अपनी अटूट आस्था और श्रद्धा व्यक्त की। विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा एवं धार्मिक भावनाओं ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. जीएस पटनायक, प्राचार्या वी. भारती तथा प्रबंधन शाखा के आयोजनकर्ता प्रदीप पटनायक की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ के साथ भगवान श्री जगन्नाथ की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि एवं विश्व कल्याण की मंगलकामना की। पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी सहभागिता निभाई, जिससे आयोजन और अधिक भव्य एवं सफल बना। विद्यालय परिवार ने इस पावन अवसर पर सभी को रथयात्रा की प्रेम, सद्भाव, सेवा और आध्यात्मिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

## एनएमएमएस परीक्षा की तैयारी पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर/भोण्ड

विकासखंड शिक्षा अधिकारी बस्तर भारती देवांगन ने उच्च प्राथमिक शाला भुरसुंडी एवं प्राथमिक शाला महुगुड़ा का निरीक्षण कर विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने माध्यमिक शाला में सभी शिक्षकों की शिक्षक डायरी का अवलोकन किया तथा अध्यापन कार्य की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान देवांगन ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएस) की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित यह महत्वाकांक्षी योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को कक्षा 8 के बाद भी पढ़ाई जारी रखने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करती है। परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को निर्धारित नियमों के अनुसार कक्षा 9 से 12 तक छात्रवृत्ति का लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि एनएमएमएस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों की मानसिक योग्यता एवं शैक्षणिक योग्यता का मूल्यांकन किया जाता है। यह परीक्षा विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, तार्किक सोच और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के साथ-साथ आर्थिक कारणों से पढ़ाई बीच में छोड़ने की समस्या को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बीईओ ने सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे विद्यार्थियों को प्रतिदिन एनएमएमएस परीक्षा से संबंधित प्रश्नों का अभ्यास कराएं तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित करें।

■ बीईओ ने स्कूलों का किया निरीक्षण

इस अवसर पर संस्था प्रभारी शैलेंद्र तिवारी, रश्मि नेताम, हेमलता कश्यप, भूतेश्वर पांडे, लोकेश रावटे तथा संकुल समन्वयक माधवी पुजारी सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।



## 17 लाख के ऋण से चार हितग्राहियों को मिला स्वरोजगार का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

वन प्रबंधन समितियों के खातों में जमा लाभांश एवं चक्रीय निधि की राशि का उपयोग करते हुए वनमंडल बीजापुर ने पुनर्वासित युवाओं एवं वनांचल के ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल की है।

विभाग ने 17 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध कराकर चार हितग्राहियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया है। इस योजना के अंतर्गत पामेड़ एवं आवापल्ली परिक्षेत्र के चार हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता दी गई। इनमें तीन हितग्राहियों को किराना दुकान संचालन हेतु 2 लाख, 3 लाख एवं 2 लाख रुपये तथा एक हितग्राही को ट्रैक्टर, ट्रॉली एवं डोजर खरीदने के लिए 10 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया। लाभान्वित हितग्राहियों में दिलीप बीराबोईन कोतापल्ली समिति, दिनेश कुमार कचलम मुरदोंडा समिति, जोशिला भगत कोतापल्ली समिति तथा नागुल सत्यनारायण आवापल्ली समिति शामिल हैं। इन सभी को उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता से वे अपना स्वरोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे। वन विभाग का उद्देश्य केवल वन संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि वनांचल के लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान को भी बढ़ावा देना है।

# नक्सल मुक्त दावे पर हरीश का सवाल निर्दोष आदिवासियों की कब होगी रिहाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिले को नक्सलवाद से मुक्त करने के सरकारी दावों के बीच कांग्रेस ने नया राजनीतिक मुद्दा उठाया है। गुरुवार को प्रेस क्लब सुकमा में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में सुकमा को नक्सल मुक्त मानती है, तो नक्सली प्रकरणों में वर्षों से जेलों में बंद निर्दोष आदिवासियों के मामलों की निष्पक्ष समीक्षा कर उन्हें बिना शर्त रिहा किया जाना चाहिए।

■ आत्मसमर्पितों के पुनर्वास को लेकर सरकार पर निशाना

### घटनाओं में कमी का मतलब नक्सल मुक्त नहीं

जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि केवल नक्सल घटनाओं में कमी को उपलब्धि बताना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन आदिवासी परिवारों को भी न्याय मिलना चाहिए जो लंबे समय से अपने परिजनों की रिहाई का इंतजार कर रहे हैं। उनका आरोप था कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार मुकदमों की पैरवी के लिए जमीन तक बेचने को मजबूर हैं और सरकार की ओर से उन्हें पर्याप्त कानूनी सहायता नहीं मिल रही है।




### कानूनी बाधाओं को करें दूर

कवासी ने बताया कि बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी और कोंटा विधायक कवासी लखमा भी गृहमंत्री के समक्ष यह मुद्दा उठा चुके हैं। उन्होंने मांग की कि कानूनी बाधाओं को दूर करने के लिए सरकार विशेष तंत्र बनाकर लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण कराए।

### नक्सलियों का हो पुनर्वास

पत्रकार वार्ता में कांग्रेस ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटे पूर्व नक्सलियों के पुनर्वास का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। हरीश कवासी ने आरोप लगाया कि पुनर्वास केंद्रों में अपेक्षित सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं और सरकार की पुनर्वास नीति जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो रही है। उन्होंने मांग की कि आत्मसमर्पितों को पांच-पांच एकड़ कृषि भूमि, आवास, आर्थिक सहायता तथा उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें।

### कार्रवाई नहीं हुई तो होगा आंदोलन

हरीश कवासी ने घोषणा की कि कांग्रेस जल्द ही पीड़ित परिवारों के साथ मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगी। यदि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी के नेतृत्व में संभाग स्तर पर आंदोलन किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर रायपुर में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इन मुद्दों को उठाया जाएगा। प्रेसवार्ता में आदिवासी नेता वेको हूंगा, हितेंद्र मरकाम, कोसा मरकाम, सुकड़ा, आयतु और भीमा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय आदिवासी प्रतिनिधि मौजूद रहे।



## सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिले के सेवानिवृत्त होने वाले चार शिक्षकों के सम्मान में समारोह कार्यक्रम में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने शिक्षकों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया तथा उनके दीर्घ, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दीं। सम्मानित शिक्षकों में रघुवीर सिंह नेताम, प्रधान पाठक, माध्यमिक शाला पंडेवार, निर्मला तुरखेड़े व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भांसी, संध्या श्रीवास्तव, प्रधान पाठक, पोटा केबिन मेंडोली, श्याम लाल सोरी, प्रधान पाठक शामिल रहे।

कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाते, बल्कि उनके जीवन के संस्कार, व्यक्तित्व और भविष्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा से सेवानिवृत्ति अवश्य होती है, लेकिन एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। उसका अनुभव, ज्ञान और मार्गदर्शन समाज के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत बना रहता है। उन्होंने कहा कि जिन शिक्षकों ने वर्षों तक कठिन परिस्थितियों में भी शिक्षा की अलख जगाई है, उनका योगदान अमूल्य है। शिक्षा के माध्यम से समाज और राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सर्वोपरि रही है। उन्होंने सभी सम्मानित शिक्षकों के समर्पण, अनुशासन एवं उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को उनके अनुभवों से सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। कलेक्टर ने सभी शिक्षकों के स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन की कामना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन सदैव शिक्षकों के योगदान का सम्मान करता रहेगा।

## आस्था के नाम पर राजनीति, चढ़ावे के नाम पर लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने कहा कि राम मंदिर चंदा चोरी, आस्था के नाम पर राजनीति और चढ़ावे के नाम पर लूट है। अब भगवान राम के नाम पर जुटाया गया चंदा भी बीजेपी-आरएसएस की राजनीतिक लूट का शिकार हो गया है।

उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम करोड़ों भारतीयों की आस्था, संस्कृति और नैतिक चेतना के प्रतीक हैं। देश के कोने-कोने से गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं और श्रद्धालु अपनी मेहनत की कमाई, अपने गहने, अपनी बचत और अपनी श्रद्धा लेकर राम मंदिर निर्माण के लिए आगे आए। भाजपा, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और संघ परिवार के संगठनों ने लगभग तीन दशकों तक भगवान राम के नाम पर राजनीति की, देश के गरीब व मध्यम वर्ग से राम के नाम पर चंदा एकत्र किया और इसी आंदोलन के आधार पर सत्ता प्राप्त की। उन्होंने कहा आज वही करोड़ों रामभक्त यह पूछने को मजबूर हैं कि भगवान राम के नाम पर जुटाया गया चंदा और चढ़ावा आखिर किसके संरक्षण में लूटा गया? यह केवल आर्थिक घोटाला नहीं है। यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास और भावनाओं के साथ किया गया विश्वासघात है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राम द्रोही है, उसने पहले चंदा में हेराफेरी करवाया अब चढ़ावा में चोरी की। भाजपा ने राम मंदिर के निर्माण के समय रामशिला पूजन के नाम से जो 14000 करोड़ रू. से अधिक राशि एकत्रित हुआ था। उसका जवाब आरएसएस एवं भाजपा के लोग नहीं दे पाये। उनके ही सहयोगी नेताओं ने ही राम मंदिर निर्माण के समय एकत्रित किये चंदे का आरोप लगाया था। जिन लोगों ने मंदिर बनाने के नाम पर चंदा में हेराफेरी किया था वही लोग मंदिर बनने के बाद चढ़ावे में हेराफेरी करने लगे, इन सबकी पृष्ठ भूमि आरएसएस और भाजपा की रही है। इस दौरान जिला अध्यक्ष शकील रिजवी, छविंद्र कर्मा, तूलिका कर्मा, मनीष भट्टाचार्य, विवेक देवांगन, भास्कर राठौर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष इंद्र शर्मा एवं सुमित्रा शोरी मौजूद रहे।




## एएमएनएस इंडिया स्वास्थ्य शिविर में 92 ग्रामीणों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा/किरंदुल

आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया एएम/एनएस इंडिया ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचाने के उद्देश्य को लगातार जारी रखा है। किरंदुल के ग्राम पंचायत हिरोली में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया।

■ शिविर में आधुनिक पैथोलॉजिकल जांच की व्यवस्था की गई

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को उनके घर के पास ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना था। इस स्वास्थ्य शिविर को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। शिविर में कुल 92 लोगों ने पंजीयन कराकर अपनी जांच करवाई। चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने बेहद संवेदनशीलता के साथ मरीजों की समस्याओं को सुना और कुल 77 मरीजों का गहन उपचार किया। जांच के बाद इन सभी मरीजों को डॉक्टरों की पर्ची के आधार पर उच्च गुणवत्ता वाली आवश्यक दवाइयां पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की गईं। ग्रामीणों की सेहत के सटीक मूल्यांकन के लिए शिविर में आधुनिक पैथोलॉजिकल जांच की व्यवस्था भी की गई थी। इसके तहत कुल 56 पैथोलॉजिकल टेस्ट किए गए, जिनमें मुख्य रूप से ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और मलेरिया जैसी गंभीर व आम बीमारियों की जांच शामिल रही। समय पर इन बीमारियों की पहचान होने से ग्रामीणों को आगे के इलाज में बड़ी मदद मिलेगी।



इस जन-कल्याणकारी अभियान को सुचारू रूप से संपन्न कराने में स्थानीय पंचायत प्रशासन और अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का विशेष और सराहनीय योगदान रहा। हिरोली ग्राम पंचायत के सरपंच, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर और क्षेत्र की मितानिनों ने शिविर में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने न केवल ग्रामीणों को घर-घर जाकर शिविर में आने के लिए प्रेरित किया, बल्कि कतार प्रबंधन और डॉक्टरों की सहायता में भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने दूरदराज के इलाकों में ऐसी निःस्वार्थ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए एएमएनएस इंडिया के इस सीएसआर प्रयास को सराहा और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने का आग्रह किया है।

न्यायालय नायब तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)

//उद्घोषणा//

राजस्व प्रकरण क्रं/ ब-121/
202606152300059/2025-26
ग्राम कहचेनार प.ह.नं. 21

एतद् द्वारा जनता को सूचित किया जाता है, यह कि आवेदक द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन पत्र, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, का मूलप्रति एवं आधार कार्ड, राशन कार्ड, की छायाप्रति के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। आवेदक कंगर सिंग पिता कटिया, जाति माड़िया, निवासी ग्राम कहचेनार अपने पिता कटिया पिता स्व. मसु का मृत्यु तिथि 12/08/1999 का उल्लेखित है। जिसकी पेशी तिथि 24/07/2026 को नियत है। यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपने अभिभाषक अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरान्त किसी के भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उदघोषणा जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा

## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल से लापता मरीज का मिला शव

**भोपालपटनम।** जिला अस्पताल बीजापुर से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुए



मरीज दिनेश वेको के मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन ने खोजबीन शुरू की। अस्पताल परिसर के समीप एक शव बरामद हुआ, परिजनों ने दिनेश वेको के रूप में पहचान की।

गौरतलब है कि भोपालपटनम के कोशापारा निवासी 40 वर्षीय मजदूर दिनेश वेको को तबीयत बिगड़ने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपालपटनम से जिला अस्पताल बीजापुर रेफर किया गया था। उपचार के दौरान वह अस्पताल से रहस्यमय ढंग से लापता हो गए थे। परिजनों ने दो दिनों तक तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस और प्रशासन से खोजबीन की गुहार लगाई थी। मंगलवार रात मृतक का पुत्र बीजापुर पहुंचा, जबकि बुधवार सुबह मृतक की पत्नी और अन्य परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने शव की पहचान की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इसके बाद परिजन शव को अपने गृह ग्राम ले गए, जहां अंतिम संस्कार किया गया। इस मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई की लोगों ने सराहना की। परिजनों का कहना है कि सूचना मिलने के बाद पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता से कार्रवाई करते हुए शव का पता लगाया और पहचान की प्रक्रिया पूरी कराई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि दिनेश वेको की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई।

# मंत्री के लिखित आदेश के 20 दिन बाद भी उपसंचालक ने नहीं किया कार्यमुक्त

## विभागीय मंत्री के आदेश की अवहेलना कर रहे उपसंचालक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर**

छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन को पशुधन विकास विभाग चुनौती दे रहा है। विभाग के उपसंचालक डॉ. राजीव शर्मा पर आरोप हैं कि वे विभागीय मंत्री रामविचार नेताम के लिखित आदेश को भी मान नहीं रहे हैं। मंत्री के अल्टीमेटम के 20 दिन बाद भी उपसंचालक कार्यालय नींद सोया हुआ है, जिससे साफ झलकता है कि विभाग में अफसरों की मनमर्जी हावी है।

दरअसल जिले के पशुधन विकास विभाग में पदस्थ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी नरोत्तम समरथ के खिलाफ विभागीय मंत्री रामविचार नेताम को गंभीर शिकायत की गई थी। शिकायत में बताया गया कि उक्त अधिकारी पिछले 30 वर्षों से एक ही जिले में जमे हैं। हद तो तब हो गई जब नियमों को ताक पर रखकर पिछले 20 वर्षों से उन्हें उनके मूल कार्य से दूर रखा गया और उपसंचालक कार्यालय में संलग्न कर भंडार शाखा का प्रभारी बना दिया गया है।

शासन की स्पष्ट नीति है कि किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को इस तरह नियम विरुद्ध संलग्न नहीं रखा जा सकता। इसके बावजूद उपसंचालक कार्यालय में वे सालों से जमे हैं।

### दवाई खरीदी और डीएमफ फंड में गड़बड़ी के है आरोप

भंडार शाखा के प्रभारी रहते हुए नरोत्तम समरथ पर दवाई खरीदी और डीएमएफ निधि के पैसों में भारी वित्तीय अनियमितता और गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। सूत्रों की मानें तो यही वजह है कि अधिकारी इस मलाईदार कुर्सी को छोड़ना नहीं चाहते। पिछले 20 वर्षों में इनका दो बार तबादला भी हुआ, लेकिन रिलीवर के आने के बाद भी इन्हें कार्यमुक्त नहीं किया गया।

### मंत्री ने दी थी कार्रवाई की चेतावनी

जब इस घोटाले और मनमर्जी की भनक विभागीय मंत्री रामविचार नेताम को लगी, तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने सख्त लहजे में निर्देश जारी किया कि उक्त अधिकारी को तत्काल कार्यमुक्त किया जाए। आदेश में यह भी चेतावनी दी गई थी कि यदि आदेश का पालन नहीं हुआ तो उपसंचालक के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।



छत्तीसगढ़ शासन
पशुधन विकास विभाग
"मंत्रालय"
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
क्रमांक ESTB-2/205/2026-A.H. नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 22-06-2026
प्रति
संचालक,
पशु चिकित्सा सेवायें,
संचालनालय, इन्द्रावती भवन,
नवा रायपुर अटल नगर
विषय:- श्री नरोत्तम समरथ, स.प.चि.क्षे.अ. के स्थानांतरण के संबंध में कार्यमुक्त करने बाबत।
--00--
(माननीय मंत्री जी द्वारा अनुमोदित)
Digitally signed by
Martin Lakra
Date: 22-06-2026
17:38:40
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
पशुधन विकास विभाग

### 20 दिन बीते, कोई कार्रवाई नहीं

विभागीय मंत्री के इस कड़े आदेश और चेतावनी को आए 20 दिन से अधिक का समय बीत चुका है। लेकिन उपसंचालक डॉ. राजीव शर्मा के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। मंत्री के आदेश की अवहेलना कर वे न सिर्फ अपने पद की गरिमा को गिरा रहे हैं, बल्कि सीधे तौर पर शासन के आदेशों को चुनौती दे रहे हैं।

### उचित कार्रवाई की जाएगी

आपके माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। मामले की जानकारी लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**विश्वदीप**
कलेक्टर बीजापुर

## राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव में हल्बी नुक्कड़ नाटक को दर्शकों ने सराहा

# हल्बी नाटक 'आमचो माटी, वंदे मातरम' के मंचन ने बांधा समां

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने तथा महाकवि कालिदास जयंती के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के स्वायत्तशासी संस्थान संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के अंतर्गत बुधवार शाम मां दंतेश्वरी मंदिर के सामने आमचो माटी सांस्कृतिक संस्था, जगदलपुर द्वारा हल्बी भाषा में प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक आमचो माटी, वंदे मातरम का सफल मंचन किया गया। लगभग 30 मिनट की इस प्रस्तुति में बस्तर की संस्कृति, वंदे मातरम के 150 वर्ष, ऐतिहासिक भूमकाल आंदोलन तथा महानायक वीर गुंडाधुर सहित बस्तर के अमर बलिदानियों के संघर्ष और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। नाटक में स्थानीय लोकशैली, संवाद, गीत और अभिनय ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने कलाकारों के अभिनय की सराहना करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। नाटक का निर्देशन वेदांत झा ने किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में शहरवासी, जनप्रतिनिधि, साहित्यकार, रंगकर्मी, पत्रकार, विद्यार्थी एवं सांस्कृतिक प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वंदे मातरम और राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ हुआ।

- **वीर गुंडाधुर और भूमकाल आंदोलन के नायकों की शहादत को कलाकारों ने किया जीवंत**



### कलाकारों के अभिनय की प्रशंसा

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि आनंद मोहन मिश्रा ने उपस्थित दर्शकों को बस्तर के ऐतिहासिक भूमकाल आंदोलन की जानकारी देते हुए कहा कि लंबे समय तक बस्तर की क्रांति और उसके महानायकों की छवि को विकृत रूप में प्रस्तुत किया गया, जिससे क्षेत्र के इतिहास को सही पहचान नहीं मिल सकी। उन्होंने कहा कि आमचो माटी, वंदे मातरम जैसे नाटक महानायक वीर गुंडाधुर और भूमकाल क्रांति के वास्तविक इतिहास को समाज, विशेषकर नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने नाटक की प्रस्तुति, निर्देशन और कलाकारों के अभिनय की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

### नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम

कार्यक्रम के समापन अवसर पर जगदलपुर महापौर संजय पांडे ने कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि गांवों से आए इन युवा कलाकारों ने बिना किसी झिझक और बिना संवाद भूले अत्यंत आत्मविश्वास के साथ शानदार अभिनय किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक प्रयास स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के साथ-साथ इतिहास और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं।

## साहू समाज ने बांटा गजामूंग प्रसाद



**जगदलपुर।** क्षेत्रीय साहू समाज तेतरकुटी ने बस्तर के पारम्परिक गोंचा (रथयात्रा) पर्व पर गजामूंग प्रसाद का वितरण किया गया। अध्यक्ष गणेश राम साहू ने बताया कि साहू समाज की आराध्या माता कर्मा जी भगवान कृष्ण (जगन्नाथ) की अनन्य भक्त थी। उनकी भक्ति के प्रताप के कारण भगवान जगन्नाथ को माता कर्मा की खिचड़ी खाने उनकी झोपड़ी पर आना पड़ा। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य, प्रदेश साहू समाज के संयोजक पीमन साहू, प्रदेश युवा प्रकोष्ट संयुक्त सचिव अनुष्का साहू, हरीश साहू, जिला उपाध्यक्ष मोहन साहू, संयोजक हेमलाल साहू, सचिव जगदीश साहू, कोषाध्यक्ष उमाशंकर साहू, डीएन साहू, नीलमणी साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

